# यूपीईएस का वाटरलू विवि से करार

देहरादून। यूपीईएस ने कनाडा के वाटरलू विवि के साथ ऑनलाइन एग्जीक्यूटिव शिक्षा को लेकर सोमवार को एमओयू किया। इसके तहत दोनों संस्थान ऑनलाइन शिक्षा के लिए एक-दूसरे के विशेषज्ञों की सेवाएं ले सकेंगे।

इस साझीदारी से भारतीय पेशेवरों के लिए नए अवसर सृजित करने का अवसर मिलेगा, ताकि वे वैश्विक अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशल को बढ़ा सकें। इस दौरान वारटलू विवि के अध्यक्ष डॉ. विवेक गोयल, गणित के डीन डॉ. मार्क गिसब्रेच, इंजीनियरिंग के डीन डॉ. मैरी वेल्स, इनोवेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट संजीव गिल, एडवांसमेंट के वाइस प्रेसिडेंट नेनोन डोनाल्डसन और यूपीईएस से अध्यक्ष डॉ. सुनील राय, स्कूल ऑ [illegible] इंटरनेशनल अफेयर्स डॉ. अभिषेक सिन्हा, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस के डीन डॉ. विजय शेखर शामिल रहे।

click to zoom in